दिन–सोमवार दिनांक– 23 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर गहरी चिंता व्यक्त की। लोकसभा में आज अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने शांति, संवाद और कूटनीति पर दिया जोर।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के पांचवें चरण के तहत आज जहानाबाद और अरवल में कई विकास योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास।

03. बिहार बोर्ड ने इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम जारी किया। पचासी दशमलव एक नौ प्रतिशत परीक्षार्थी हुए सफल।

04. और, लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान कर रहे हैं। कल अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जायेगा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर लगातार गहरी चिंता व्यक्त की है। आज लोकसभा में उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि इस युद्ध के कारण दुनिया में हालात चिंताजनक बने हुए है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सभी पक्षों से तनाव कम करने का आग्रह किया है और इस बात पर जोर दिया है कि इस संघर्ष का एकमात्र समाधान शांति, संवाद और कूटनीति है।

———बाइट———

इस बीच, प्रधानमंत्री ने देश में कालाबाजारी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी राज्य सरकारे संवेदनशील, सतर्क और हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने देश को यह सुनिश्चित किया है कि देश का खाद्य भंडार पर्याप्त मात्रा में है । इस मौसम में उचित बुआई सुनिश्चित करने का प्रयास भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में सरकार ने उर्वरकों की पर्याप्त व्यवस्था की है ताकि वैश्विक संकटों का बोझ किसानों पर न पड़े।

———बाइट———

श्री मोदी ने कहा कि युद्ध का वैश्विक प्रभाव कुछ समय तक बना रह सकता है। इसके लिए उन्होंने देश को तैयार रहने को कहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राज्यसभा में भी पश्चिमी एशिया विवाद और भारत की रणनीतिक पहलुओं पर अपने विचार रखेंगे।

---

केन्द्र सरकार ने कहा कि पचास प्रतिशत वाणिज्यिक एलपीजी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए उपलब्ध है। आज नई दिल्ली में पेट्रोलियमा और गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने अंतर मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राज्यों और स्थानीय निकायों द्वारा संचालित रेस्तरां, ढ़ाबा, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी आदि अन्य क्षेत्रों में आवंटन को प्राथमिकता दी जायेगी।

---

लोकसभा में कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश करने के बाद, आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने विस्तृत विश्लेषण के लिए इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा। इस विधेयक का उद्देश्य सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 और कंपनी अधिनियम, 2013 में संशोधन करना है।

———बाइट———

कंपनी विधि समिति की सिफारिशों और 2022 की रिपोर्टों को पूरी तरह से स्वीकार कर लिया गया है। इसके बाद समिति में उद्योग संगठन, पेशेवर संस्थानों, कानूनी और लेखा विशेषज्ञों के प्रतिनिधि शामिल हुए। रिपोर्टों को सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए वेबसाइट पर भी रखा गया था, जिन पर टिप्पणियां प्राप्त हुई और फिर उनकी जांच की गई। राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरणों की शक्तियों के मुद्दे पर प्रस्तावित प्रावधान एसईबीआई, प्रतिस्पर्धा आयोग और आईबीबीआई जैसे अन्य नियामकों को दी गई शक्तियों के समान है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के पांचवें चरण में आज जहानाबाद और अरवल में अपने यात्रा की शुरूआत की। अरवल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने तिरेसठ करोड़ रूपये की लागत वाली बाईस योजनाओं का शिलान्यास और नब्बे करोड़ रूपये की लागत वाली ढ़ाई सौ योजनाओं का उद्घाटन भी किया।

———बाइट———

जहानाबाद में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सत्तर करोड़ रूपये लागत वाली अट्ठासी योजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने एक सौ बयासी करोड़ रूपये की लागत वाली तिहत्तर योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर आयोजित जनसंवाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो दशक में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचना निर्माण जैसे क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। श्री कुमार ने कहा कि आज बिहार देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होने के लिए अग्रसर है।

---

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने आज नागपुर में आयोजित इंडियन यूथ पार्लियामेंट के उनतीसवें राष्ट्रीय सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा विकसित भारत का निर्माण युवाओं की ऊर्जा, नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ पर निर्भर करता है।

---

बिहार बोर्ड ने इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा का परिणाम आज जारी कर दिया है। कुल पचासी दशमलव एक नौ प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। विज्ञान संकाय में आदित्य प्रकाश अमन, कला संकाय में निशु कुमारी और वाणिज्य संकाय में अदिति कुमारी ने पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट इंटर बिहार बोर्ड डॉट कॉम और बीएसईबी एग्जाम डॉट कॉम पर देख सकते हैं। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने आज पटना स्थित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सभागार में परीक्षाफल जारी किया। शिक्षामंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की योजनाओं से शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियां काफी बेहतर कर रही हैं।

———बाइट———

इस परीक्षा में चौरासी दशमलव नौ प्रतिशत छात्र और छियासी दशमलव दो तीन प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं हैं। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि तीनों संकायों में छब्बीस टॉपर में उन्नीस लड़कियां हैं।

इधर, इंटरमीडिएट के कॉमर्स से पटना की छात्रा अदिति कुमारी ने बिहार में टॉप किया है। उन्होंने चार सौ अस्सी अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। अदिति ने अपनी सफलता का बारे में आकाशवाणी से बातचीत की।

———बाइट———

इधर, गया जिले की किंजरसराय ब्लॉक के लोदीपुर की निशु कुमारी ने कला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने चार सौ उनासी अंक प्राप्त किये। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता को दिया है।

———बाइट———

वहीं, विज्ञान संकाय में समस्तीपुर जिले के रहने वाले आदित्य प्रकाश अमन ने छियानवे दशमलव दो शून्य प्रतिशत के साथ पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और शिक्षकों को दिया है।

———बाइट———

और अब खबर चैती छठ की...

———म्यूजिक——— 10 सें.

लोक आस्था का महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान कर रहे हैं। व्रतियों ने भगवान भास्कर को दूध और गुड़ से बनी खीर और रोटी का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही छठ व्रतियों का छत्तीस घंटों का निर्जला व्रत शुरू हो गया है। कल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। पच्चीस मार्च को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ इस महापर्व का समापन हो जायेगा। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि राजधानी पटना में गंगा नदी के उनचास घाटों पर जिला प्रशासन ने छठ व्रतियों के लिए व्यवस्था की है। महापर्व छठ को लेकर कल राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने बताया कि त्रेतायुगिन सूर्य मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। इस मंदिर में देश के विभिन्न प्रांतों और राज्य के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं और व्रतधारियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। इधर, सहरसा का कंदाहा सूर्य मंदिर, दुल्हिन बाजार का उल्लार सूर्य मंदिर, नवादा का हड़िया सूर्य मंदिर, नालंदा का बड़गांव और औंगारीधाम सूर्य मंदिरों को व्यापक रूप से सजाया गया है। इस दौरान चैती छठ में आने वाले श्रद्धालुओं और छठ व्रतियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

———म्यूजिक——— 10 सें.

---

बिहार दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह के आज दूसरे दिन राजधानी पटना में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। गांधी मैदान में जाने—माने पार्श्व गायक शान की प्रस्तुति होगी। वहीं, एस.के. मेमोरियल हॉल में मोहिनिअट्टम युगल नृत्य और बुद्धचरित पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा, रविन्द्र भवन में दरभंगा घराने से मल्लिक बंधु ध्रुपद गायन पेश किया। रविन्द्र भवन में हास्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन में सुरेन्द्र शर्मा, शंभू शिखर, संजीव मुकेश, सान्या राय और पद्मिनी शर्मा शामिल होंगी।

---

मौसम विभाग ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ ही एक बार फिर छब्बीस मार्च से अट्ठाईस मार्च के बीच प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में गरज—चमक के साथ बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा चलने की संभावना है।

---

मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह चार महीने बाद आज पटना के बेउर जेल से रिहा हो गये हैं। पटना उच्च न्यायालय ने बीस मार्च को दुलारचंद यादव हत्या मामले में उन्हें जमानत दी थी।

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर गहरी चिंता व्यक्त की। लोकसभा में आज अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने शांति, संवाद और कूटनीति पर दिया जोर।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के पांचवें चरण के तहत आज जहानाबाद और अरवल में कई विकास योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास।

03. बिहार इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम जारी। पचासी दशमलव एक नौ प्रतिशत परीक्षार्थी हुए सफल। छियासी दशमलव दो तीन प्रतिशत छात्राएं सफल।

04. और, लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान कर रहे हैं। कल अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जायेगा।

समाप्त